F N0. T-74074/10/2019-WSE DTE/1406

भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
जल संसाधन नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग
केंद्रीय जल आयोग
जल प्रणाली अभियांत्रिकी निदेशालय

सत्यमेव जयते

Government of India
Ministry of Jal Shakti
Dept. of Water Resources, RD&GR
Central Water Commission
Water System Engineering Directorate

दिनांक: 15.11.2019

**विषय - समाचार पत्रों की कटिंग का प्रस्तुतीकरण।**

जल संसाधन विकास और संबद्ध विषयों से संबंधित समाचार पत्रों की कटिंग को केंद्रीय जल आयोग के अध्यक्ष और सदस्य (कार्य योजना एवं परियोजना /अभिकल्प एवं अनुसंधान / नदी प्रबंध ) के अवलोकन के लिए संलग्न किया गया है। इन समाचारों की कटिंग की सॉफ्ट कॉपी केन्द्रीय जल आयोग की वेबसाइट पर भी अपलोड की जाएगी।

अंकिता
15.11.2019
वरिष्ठ कलाकार
जल प्रणाली अभियांत्रिकी निदेशालय

संलग्नक: उपरोक्त

<u>उप निदेशक, (ज. प्र. आ.) निदे०</u> विवेक 15/11/2019

<u>निदेशक, (ज. प्र. आ.) निदे०</u> प्रदीप [signature] 15-11-19

**सेवा में,**

अध्यक्ष, के. ज. आ., नई दिल्ली

<u>जानकारी हेतु</u> - सभी संबंधित केन्द्रीय जल आयोग की वेबसाइट <u>www.cwc.gov.in</u> पर देखें।

द्वितीय तल(दक्षिण), सेवा भवन
राम कृष्ण पुरम, नई दिल्ली -110066
दूरभाष: 011-29583521,
ई मेल: wsedte-cwc@gov.in
♦जल संरक्षण-सुरक्षित भविष्य♦

2nd Floor(South), SewaBhawan,
R.K. Puram, New Delhi-110066
Tel: 011-29583521
E-mail: wsedte-cwc@gov.in
♦Conserve Water- Save Life♦

News item/letter/article/editorial published on 15.11.2019 in the following newspaper

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Hindustan Times (New Delhi) | ☐ | Deccan Herald (Bengaluru ) | ☐ | हिंदुस्तान (नई दिल्ली) | ☐ |
| The Statesman (New Delhi) | ☐ | Deccan Cronicle | ☐ | नव भारत टाइम्स (नई दिल्ली) | ☐ |
| The Times of India (New Delhi) | ☐ | The Economic Times (New Delhi) | ☐ | पंजाब केसरी (दिल्ली) | ☐ |
| The Indian Express (New Delhi) | ☐ | Business Standard(New Delhi) | ☐ | राजस्थान पत्रिका (नई दिल्ली) | ☐ |
| The Hindu ( Delhi) | ☐ | The Tribune (Gurugram) | ☐ | दैनिक जागरण (नई दिल्ली) | ☐ |
| Pioneer (Delhi) | ☐ | Financial Express | ☐ | जनसत्ता (दिल्ली) | ☐ |
| राष्ट्रीय सहारा (दिल्ली) | ☐ | दैनिक भास्कर (नई दिल्ली) | ☐ | अमर उजाला (नई दिल्ली) | ☐ |

and documented at WSE Dte, CWC.

Assam Tribune, Guwahati ✓

# City's water crisis

With growing urbanization putting our scarce water resources to severe strain, meeting the burgeoning demand for water for drinking, household and industrial uses has emerged as a big concern. The lack of proper planning and absence of a vision for the future has resulted in undue pressure on water sources, especially groundwater, and unless appropriate interventions are made, the practice will become unsustainable. Cities across the world are putting a lot of emphasis on harnessing water effectively and sustainably while minimizing waste. Ironically, State capital Guwahati which has the perennial Brahmaputra flowing right through its heart still continues to grope in the dark for evolving a holistic solution to the problem of potable water shortage. With the much-talked-about mega water supply project developing cold feet and the existing arrangements almost in a defunct state, the citizens are having a harrowing time in meeting their daily water needs. This has caused large-scale extraction of groundwater and with unscrupulous elements resorting to commercial supply of potable water, the day is not far when groundwater depletion will wreak havoc in the city. Till the time the mega water supply project starts delivering, the authorities need to augment the loopholes in the existing supply system. Strict rules should be enforced for checking the rampant extraction of groundwater before the situation around out of hand.

Even as the city continues to reel under acute water shortage, the citizens have voiced strong resentment over the Jal Board's recent hike in the water rent. The opposition of the citizens is justified because the city does not yet have a full-fledged water supply network and charging hefty rates for the irregular and unreliable water supply is untenable. It has also been alleged that the hike has been far steeper compared to those in other cities and there is no provision for supplying 20 litres of free water as is the practice elsewhere. There is a clear need to streamline the water supply services provided by the PHE Department. Over the years, government-sponsored interventions have been made and huge amounts spent but the impact on the ground has been far from visible. Apparently, serious lacunae have been there in policy formulation and project implementation. According to a recent Niti Ayog report, only 62% of the State's rural habitations have been fully covered by drinking water schemes in Assam, and more worryingly, there has been negligible reduction in water quality issues. In urban areas only 20% of the population has access and no waste water is treated. Even these statistics do not portray the ground reality, as most of the water supply schemes hardly function to their capacity. The report notes that Assam needs to improve on several fronts, which is stating the obvious. Also, the State has agro-climatic zoning-based cultivation on only 16% land, no feeder segregation, and negligible micro-irrigation coverage.

WSE Directorate, CWC documented following news item/letter/article/editorial published
in..... Mail Today, Delhi ............... dated 15.11.2019

# CITY MAXES OUT ON WATER USE



Bengaluru is using 100% of its underground water

*SURPLUS rains in the Cauvery river basin in 2019 means residents of Bengaluru can heave a sigh of relief, as they have been assured their quota of water until next monsoon.*

*Likewise, the state does not have to get into a legal battle with Tamil Nadu on sharing Cauvery river water. However, from 2021, Bengaluru is likely to face acute water shortage owing to unplanned urbanisation, migration and lack of any new water sources as the user base increases.*

*In its report to the National Green Tribunal, an Expert Committee observed that the City has already over-utilised its water resources.*

*Groundwater extraction through borewells is at the highest and Bengaluru is among 12 cities that are extracting more than 100 per cent of groundwater.*

*Illegal water tankers dominate the private water supply business with most of them fleecing residents where Cauvery water supply is still not available.*

**Rains provided some relief from water shortage**

News item/letter/article/editorial published on 15.11.2019. in the following newspaper

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Hindustan Times (New Delhi) | ☐ | Deccan Herald (Bengaluru) | ☐ | हिंदुस्तान (नई दिल्ली) | ☐ |
| The Statesman (New Delhi) | ☐ | Deccan Cronicle | ☐ | नव भारत टाइम्स (नई दिल्ली) | ☐ |
| The Times of India (New Delhi) | ☐ | The Economic Times (New Delhi) | ☐ | पंजाब केसरी (दिल्ली) | ☐ |
| The Indian Express (New Delhi) | ☐ | Business Standard(New Delhi) | ☐ | राजस्थान पत्रिका (नई दिल्ली) | ☐ |
| The Hindu ( Delhi) | ☑ | The Tribune (Gurugram) | ☐ | दैनिक जागरण (नई दिल्ली) | ☐ |
| Pioneer (Delhi) | ☐ | Financial Express | ☐ | जनसत्ता (दिल्ली) | ☐ |
| राष्ट्रीय सहारा (दिल्ली) | ☐ | दैनिक भास्कर (नई दिल्ली) | ☐ | अमर उजाला (नई दिल्ली) | ☐ |

and documented at WSE Dte, CWC.

# NGT panel to hold meet on solid waste management

**STAFF REPORTER** H-15
NEW DELHI

Following orders of the National Green Tribunal (NGT), the first meeting of an NGT-appointed committee on municipal solid waste management will be held on November 19.

The committee comprises representatives from the NITI Aayog, Ministry of Urban and Housing Affairs, Ministry of Jal Shakti, National Mission for Clean Ganga, Ministry of Environment, Forests and Climate Change and the chairman of the Central Pollution Control Board (CPCB).

Earlier, the green panel had observed that according to data provided by the CPCB, there are more than 4,000 legacy waste dump sites across the country that require remediation under the relevant solid waste management rules.

"Besides, this will unlock the land occupied by such waste sites which is urgently required for setting up integrated waste management and processing facilities or for afforestation, green belts, biodiversity parks and buffer zones in accordance with the environmental laws," a Bench headed by NGT Chairperson Justice Adarsh Kumar Goel had observed.

The Bench had also added, "If necessary, a part of the land could be monetised is so decided by the state governments concerned."

News item/letter/article/editorial published on 15.11.2019 in the following newspaper

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Hindustan Times (New Delhi) | ☑ | Deccan Herald (Bengaluru) | ☐ | हिंदुस्तान (नई दिल्ली) | ☐ |
| The Statesman (New Delhi) | ☐ | Deccan Cronicle | ☐ | नव भारत टाइम्स (नई दिल्ली) | ☐ |
| The Times of India (New Delhi) | ☐ | The Economic Times (New Delhi) | ☐ | पंजाब केसरी (दिल्ली) | ☐ |
| The Indian Express (New Delhi) | ☐ | Business Standard(New Delhi) | ☐ | राजस्थान पत्रिका (नई दिल्ली) | ☐ |
| The Hindu ( Delhi) | ☐ | The Tribune (Gurugram) | ☐ | दैनिक जागरण (नई दिल्ली) | ☐ |
| Pioneer (Delhi) | ☐ | Financial Express | ☐ | जनसत्ता (दिल्ली) | ☐ |
| राष्ट्रीय सहारा (दिल्ली) | ☐ | दैनिक भास्कर (नई दिल्ली) | ☐ | अमर उजाला (नई दिल्ली) | ☐ |

and documented at WSE Dte, CWC.

HT-15

NATURE'S FURY

# Record flood in Venice: Italy declares state of emergency

Agencies
letters@hindustantimes.com

**VENICE:** Italy declared a state of emergency for Venice late on Thursday after an exceptional tide surged through churches, shops and homes, causing millions of euros worth of damage to the UNESCO city.

Tourists larked around in the flooded St Mark's Square in the sunshine, snapping selfies in their neon plastic boots and taking advantage of a respite in bad weather which has driven the high tides.

Sirens warning of fresh flooding rang through the canal city early Thursday but the water level remained low compared to Tuesday's tide, the highest in 50 years. Prime Minister Giuseppe Conte, who has called the flooding "a blow to the heart of our country", met Venice's mayor and emergency services before jumping in a speed boat to visit businesses and locals affected by the massive tide.


Residents whose houses had been hit would immediately get up to 5,000 euros ($5,500) in government aid, while restaurant and shopowners could receive up to 20,000 euros and apply for more later, he said.

Several museums remained closed to the public on Thursday.

### AUSTRALIA BUSHFIRES: DEATH TOLL RISES TO 4

**BURRELL CREEK:** The death toll from devastating bushfires in eastern Australia has risen to four after a man's body was discovered in a scorched area of bushland, police said on Thursday.

Three others have perished in bushfires in New South Wales, the state worst affected by a series of catastrophic fires that broke out along the eastern seaboard late last week. More than 100 blazes were burning on Thursday but a respite from tough conditions has seen the danger from many fires downgraded.



A view of the flooded St. Mark's Square in Venice on Thursday. REUTERS

News item/letter/article/editorial published on 15.11.2019 in the following newspaper

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Hindustan Times (New Delhi) | ☐ | Deccan Herald (Bengaluru ) | ☐ | हिंदुस्तान (नई दिल्ली) | ☐ |
| The Statesman (New Delhi) | ☐ | Deccan Cronicle | ☐ | नव भारत टाइम्स (नई दिल्ली) | ☐ |
| The Times of India (New Delhi) | ☐ | The Economic Times (New Delhi) | ☐ | पंजाब केसरी (दिल्ली) | ☑ |
| The Indian Express (New Delhi) | ☐ | Business Standard(New Delhi) | ☐ | राजस्थान पत्रिका (नई दिल्ली) | ☐ |
| The Hindu ( Delhi) | ☐ | The Tribune (Gurugram) | ☐ | दैनिक जागरण (नई दिल्ली) | ☐ |
| Pioneer (Delhi) | ☐ | Financial Express | ☐ | जनसत्ता (दिल्ली) | ☐ |
| राष्ट्रीय सहारा (दिल्ली) | ☐ | दैनिक भास्कर (नई दिल्ली) | ☐ | अमर उजाला (नई दिल्ली) | ☐ |

and documented at WSE Dte, CWC.

# पंचेश्वर परियोजना में 'निचले शारदा बराज' पर फंसा पेंच

**भारत निचले शारदा बराज को वर्तमान समय में उपयोग की जाने वाली परियोजना की श्रेणी में रखने के पक्ष में है जबकि नेपाल इसे लाभांश हिस्सेदारी की दृष्टि से पोस्ट प्रोजेक्ट श्रेणी में रखने पर जोर दे रहा है** PK-15/11

नई दिल्ली, (भाषा): भारत और नेपाल के बीच 23 वर्ष पुरानी प्रस्तावित संयुक्त 'पंचेश्वर परियोजना' में एक बार फिर रुकावट आ गई है। इस बार मतभेद की वजह "निचले शारदा बराज" को शामिल किये जाने का मुद्दा है।भारत निचले शारदा बराज को वर्तमान समय में उपयोग की जाने वाली परियोजना की श्रेणी में रखने के पक्ष में है जबकि नेपाल इसे लाभांश हिस्सेदारी की दृष्टि से परियोजना बाद :पोस्ट प्रोजेक्ट: श्रेणी में रखने पर जोर दे रहा है।परियोजना के बारे में पिछले महीने भारत और नेपाल के तकनीकी दल के बीच चर्चा हुई थी।

जल शक्ति मंत्रालय के सचिव यू पी सिंह नेबताया, " नेपाल के साथ संयुक्त पंचेश्वर परियोजना के संबंध में करीब 500 में से अधिकतर मुद्दे हल हो चुके हैं लेकिन निचले शारदा बराज सहित दो..तीन मुद्दों पर बातचीत जारी है ।"उन्होंने कहा, " हमारा कहना है कि निचले शारदा बराज की गिनती उपयोग की जाने वाली परियोजना की श्रेणी में हो, जबकि नेपाल जोर दे रहा है कि इसे परियोजना बाद :पोस्ट प्रोजेक्ट: श्रेणी में रखा जाए ।"

सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में उपयोग की श्रेणी में आने वाली परियोजनाओं को अलग रखकर अन्य परियोजनाओं पर 50 : 50 के अनुपात में लाभांश हिस्सेदारी का प्रस्ताव है ।

उल्लेखनीय है कि पहले से चल रही परियोजनाएं किसी एक स्थान पर वर्तमान समय में उपयोग की जाने वाली परियोजना की श्रेणी में आती हैं। अंतिम रूप दिए जाने के बाद परियोजना 'पोस्ट प्रोजेक्ट' की श्रेणी में आती है।

सिंह ने उम्मीद जताई कि निचले शारदा बराज मुद्दे का जल्द ही हल निकाल लिया जाएगा।परियोजना से प्रभावित होने वालों के पुनर्वास संबंधी सवाल पर सिंह ने कहा कि इस विषय पर तथा पर्यावरण संबंधी मुद्दों पर लोगों के बीच जन सुनवाई हुई है लेकिन अभी पर्यावरण मंजूरी नहीं मिली है ।"उन्होंने यह भी बताया कि अभी लागत हिस्सेदारी को अंतिम रूप नहीं दिया जा सका है ।

गौरतलब है कि कुल 33,108 करोड़ रुपए की लागत वाली पंचेश्वर परियोजना की नींव 1996 में भारत नेपाल महाकाली जल संधि के समय रखी गई थी। साल 2014 में दोनों देशों ने परियोजना के क्रियान्वयन के लिये प्राधिकार बनाया ।परियोजना में प्रस्ताव किया गया है कि लागत का 62.3 फीसद हिस्सा भारत और बाकी हिस्सा नेपाल वहन करे । परियोजना से 5050 मेगवाट बिजली पैदा होगी और 4.3 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधाएं मिलेंगी । भारत में करीब 2.6 लाख हेक्टेयर क्षेत्र की सिंचाई सुविधा मिलेगी ।समझा जाता है कि नेपाल की तीन मांगों पर भारत सहमत है। पहली मांग के अनुसार, टनकपुर बराज से नेपाल में सिंचाई के लिए नहर बनेगी। दूसरी मांग के अनुसार, नेपाल को टनकपुर बराज से 1.2 किमी लंबी नहर से 300 क्यूसेक पानी दिया जाएगा। तीसरी मांग के अनुसार, नेपाल की बनबसा सीमा से सटे, हिमालयी देश के गांव चांदनी-दोधारा की सिंचाई जरूरतों को पूरा करने के लिए सिंचाई नहर बनाई जाएगी।

RAJASTHANPATRIKA- 15.11.2019

मप्र में सख्ती RP-15/11

# नदी-नालों में घातक रसायन फेंकने पर 10 लाख का जुर्माना

भोपाल @ पत्रिका. घातक रसायन और एसिड नदी-नालों में बहाने वालों पर मध्य प्रदेश सरकार सख्ती के साथ पेश आएगी। नदी या अन्य जलस्त्रोत में रसायन डालने या उसके पास फेंकने पर 10 लाख रुपए का जुर्माना वसूला जाएगा।

जुर्माना राशि तत्काल जमा नहीं करने पर प्रतिदिन 10 हजार रुपए पेनल्टी लगाई जाएगी। पर्यावरण कानून में बदलाव करने के लिए पर्यावरण विभाग ने परिसंकटमय एवं अन्य अपशिष्ट (प्रबंधन एवं सीमापार संचालन) नियम 2016 में संशोधन का प्रस्ताव तैयार किया है। जल्द ही इसे कैबिनेट में लाया जाएगा।

News item/letter/article/editorial published on 15.11.2019 in the following newspaper

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Hindustan Times (New Delhi) | ☐ | Deccan Herald (Bengaluru) | ☐ | हिंदुस्तान (नई दिल्ली) | ☐ |
| The Statesman (New Delhi) | ☐ | Deccan Cronicle | ☐ | नव भारत टाइम्स (नई दिल्ली) | ☐ |
| The Times of India (New Delhi) | ☐ | The Economic Times (New Delhi) | ☐ | पंजाब केसरी (दिल्ली) | ☐ |
| The Indian Express (New Delhi) | ☐ | Business Standard(New Delhi) | ☐ | राजस्थान पत्रिका (नई दिल्ली) | ☑ |
| The Hindu ( Delhi) | ☐ | The Tribune (Gurugram) | ☐ | दैनिक जागरण (नई दिल्ली) | ☐ |
| Pioneer (Delhi) | ☐ | Financial Express | ☐ | जनसत्ता (दिल्ली) | ☐ |
| राष्ट्रीय सहारा (दिल्ली) | ☐ | दैनिक भास्कर (नई दिल्ली) | ☐ | अमर उजाला (नई दिल्ली) | ☐ |

and documented at WSE Dte, CWC.

**नया बांध बनाने का मामला**

# दिनकरण ने राज्य सरकार से कानूनी परामर्श कर उसे रोकने का किया आग्रह

RP-15/11

## कर्नाटक द्वारा तेनपेन्नै नदी पर बांध बनाने की कोशिश का मामला

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
rajasthanpatrika.com

**चेन्नई.** अम्मा मक्कल मुनेत्र कषगम के महासचिव टीटीवी दिनकरण ने गुरुवार को राज्य सरकार से कर्नाटक सरकार द्वारा तेनपेन्नै नदी के चारों ओर बांध बनाने की कि जा रही कोशिश को रोकने के लिए सबूत के साथ कानूनी परामर्श करने का आग्रह किया। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु की याचिका जिसमें कर्नाटक को बांध निर्माण से रोकने की मांग की गई थी को खारिज कर दिया।

यहां जारी एक विज्ञप्ति में दिनकरण ने कहा दुनिया भर में यह एक स्वीकृत मानदंड है कि नदी पर निचले तटीय राज्यों का अधिकार होता है, भले ही नदी दूसरे राज्य से निकलती हो।

नदी कर्नाटका में 112 किमी में बहती है पर तमिलनाडु के छह जिलों में होते हुए उसका प्रवाह 320 किमी तक है। लेकिन आश्चर्य की बात यह है कि कोर्ट ने इस प्राकृतिक न्याय में भी अनदेखी की और राज्य सरकार इस मामले में कुछ नहीं बोल रही है। मुझे पूरा यकीन है कि राज्य सरकार ने अपील को ठीक से तैयार नहीं किया और पर्याप्त प्रमाण प्रस्तुत करने में भी विफल रही होगी। लेकिन वर्तमान में तो पर्याप्त दस्तावेजों के साथ कानूनी परामर्श लेकर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस मामले में डीएमके और उनके सहयोगी पार्टी के सांसदों को भी नई दिल्ली में इस मुद्दे पर आवाज उठानी चाहिए। तेनपेन्नै नदी कृषि और पेयजल का बहुत बड़ा स्रोत है इसलिए राज्य के हितों की रक्षा के लिए सभी को एक साथ आने की जरूरत है।

*(कार्यालय संवाददाता)*

# बिगड़ा मौसम, कच्छ में कई जगह गिरे ओले

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

RP-15

**अहमदाबाद/भुज.** गुजरात के कई जिलों में चक्रवात का असर भी बरकरार है। गुरुवार को भी राज्य के कच्छ, जूनागढ़ और राजकोट समेत सौराष्ट्र में मौसम में बदला रहा है। जहां कच्छ के खावड़ा, बन्नी और पच्छम इलाकों में ओले गिरने के साथ दो इंच तक बारिश हुई। वहीं राजकोट और उसके आसपास के इलाकों में तेज हवाओं के साथ धूल उड़ी और हल्की बारिश हुई। मौसम में बदलाव का असर किसानों पर पड़ रहा है। किसानों को फसलें बर्बाद होने का भय सता रहा है।

कच्छ के खावड़ा-बन्नी क्षेत्र में मौसम में बदलाव रहा है, जहां बारिश जैसा माहौल हो गया। बुधवार मध्य रात्रि को धीरे-धीरे बारिश शुरू हो गई, लेकिन बाद में तेज बारिश हुई। करीब डेढ़ से दो इंच बारिश हुई।

वहीं कहीं-कहीं पर ओले गिरे। कई जगहों पर पेड़ और बिजली के खंभे गिरे। बेमौसम की बारिश से किसानों को फसलें बिगड़ने का भय है। धोरडो के सरपंच मियाहुसैन ने कहा कि धोरडो और उसके आसपास बिजली की चमकने के साथ भारी बारिश हुई। कई इलाकों में पानी भर गया। उधर, राजकोट और उसके आसपास के इलाकों में भी हलकी बारिश और धूलभरी हवाएं चलीं।

News item/letter/article/editorial published on 15.11.2019 in the following newspaper

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Hindustan Times (New Delhi) | ☐ | Deccan Herald (Bengaluru) | ☐ | हिंदुस्तान (नई दिल्ली) | ☐ |
| The Statesman (New Delhi) | ☐ | Deccan Cronicle | ☐ | नव भारत टाइम्स (नई दिल्ली) | ☐ |
| The Times of India (New Delhi) | ☐ | The Economic Times (New Delhi) | ☐ | पंजाब केसरी (दिल्ली) | ☐ |
| The Indian Express (New Delhi) | ☐ | Business Standard(New Delhi) | ☐ | राजस्थान पत्रिका (नई दिल्ली) | ☐ |
| The Hindu ( Delhi) | ☐ | The Tribune (Gurugram) | ☐ | दैनिक जागरण (नई दिल्ली) | ☐ |
| Pioneer (Delhi) | ☐ | Financial Express | ☐ | जनसत्ता (दिल्ली) | ☐ |
| राष्ट्रीय सहारा (दिल्ली) | ☑ | दैनिक भास्कर (नई दिल्ली) | ☐ | अमर उजाला (नई दिल्ली) | ☐ |

and documented at WSE Dte, CWC.

# स्वच्छ भारत मिशन की गाथा पढ़ेंगे विवि के छात्र

**राकेश नाथ**

**नई दिल्ली। एसएनबी**

देशभर के विश्वविद्यालयों व उससे सम्बद्ध कॉलेजों के छात्र अब स्वच्छ भारत मिशन की गाथा को पढ़ेंगे। इसके लिए स्वच्छ भारत मिशन पर एक पुस्तक तैयार हो चुकी है। इस पुस्तक को विश्वविद्यालय अपने छात्रों के बीच वितरित करेंगे। इस संबंध में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने देशभर के विश्वविद्यालयों, कॉलेजों व संस्थानों को निर्देश भेजे हैं।

**'स्वच्छ भारत रिवोल्यूशन' नामक पुस्तक हुई तैयार**

उच्च शैक्षणिक संस्थानों को भेजे गए निर्देश में कहा गया है कि जल शक्ति मंत्रालय ने स्वच्छ भारत मिशन की यात्रा की गाथा तैयार की है। निबंधों के शक्ल में इस गाथा को 'द स्वच्छ भारत रिवोल्यूशन' नामक पुस्तक में संकलित किया गया है। इस पुस्तक में विभिन्न क्षेत्रों के प्रमुख लोगों द्वारा किस तरह से इस मिशन को सफल बनाया गया है, उस पर विस्तृत जानकारी दी गई है। इस पुस्तक की भूमिका प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लिखी है। स्वच्छ भारत मिशन को बड़े पैमाने पर लागू किया गया। विश्वविद्यालयों को कहा गया है कि वह इस पुस्तक को हासिल करें। यह पुस्तक हॉर्पर कॉलिंस इंडिया द्वारा प्रकाशित की गई है। विश्वविद्यालयों से कहा गया है कि इस पुस्तकों को छात्रों व स्टाफ में वितरित करें। इस पुस्तक को छात्रों व स्टाफ के बीच बांटने का उद्देश्य स्वच्छ भारत मिशन की सफलता व जानकारी को फैलाना है।

**rakesh.nath.rs@gmail.com**

**Dainik Jagran, New Delhi** -15.11.2019

## हिमाचल में आधार कार्ड से लिंक होंगे घर के नल

मंडी : हिमाचल प्रदेश के सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग (आइपीएच) मंत्री महेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा है कि जलजीवन मिशन के तहत प्रदेश के हर घर में नल लगेंगे। इसके साथ ही इन नलों को आधारकार्ड से लिंक भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पेयजल कनेक्शन में फर्जीवाड़ा रोकने के लिए सरकार यह कदम उठाने जा रही है। आधार से लिंक होने पर सरकार के पास पेयजल कनेक्शन का सही आंकड़ा उपलब्ध रहेगा। (जासं)

WSE Directorate, CWC documented following news item/letter/article/editorial published in RAJASTHAN PATRIKA dated 15.11.2019

RR-15/11

## पश्चिमी विक्षोभ की हवाएं छू गई अरब सागर, बादल बनने की प्रक्रिया हुई तेज

# रेगिस्तान में 36 घंटे से सैकड़ों शेरों की तरह दहाड़ रहे मेघ

**पिछले 24 घटें में बाड़मेर में बरसात 76 एमएम पानी**

**बरसने से ज्याद गर्जने के चर्चे, लोगों की बढ़ गई चिंता**

**मेघगर्जना ऐसी बुजुर्गों ने कहा-हमारी उम्र में नहीं सुनी पहले**

**पश्चिमी विक्षोभ का असर, अधिकतम पारा 09 डिग्री गिरा**

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

बाड़मेर. पश्चिमी विक्षोभ की हवाओं में इतना घुमाव आया है कि अरबसागर को छू गई और नमी ने वो रूप लिया कि आसमां तक पहुंची हवाओं ने आकाश में उथल-पुथल मचा दी है। बादल बनने की प्रक्रिया इस गति से होने लगी कि पिछले 36 घटे से ज्यादा समय से बिना विराम मेघ गरज रहे हैं। कड़कड़ाती बिजली और आसमां में मची मेघों की खलबली (मेघगर्जना) ने लोगों को फिक्रमंद कर दिया है। रात-दिन लगातार ऐसी मेघ गर्जना पहले कभी नहीं हुई है।

रेगिस्तानी जिले में दो दिन पहले यानि मंगलवार की रात को अचानक जोरदार मेघगर्जना हुई और बुधवार तड़के 5 से 8 बजे तक लोग अलार्म से नहीं इसी मेघ गर्जना से जागे। सबके होश फाख्ता हो गए कि बिजली कहां गिरी? इसके बाद तो मौसम का मिजाज ही बदला हुआ है। 24 घंटे में बार-बार बारिश होना जितना जिक्र में नहीं है उतनी फिक्र आसमां में कड़क रही बिजली और गर्जना की है। एहतियात और भय के चलते लोग बिजली कड़कते ही दुबक जाते हैं। बुधवार की रात से गुरुवार सुबह तक बीसियों बार ऐसा हुआ।

### क्यों हो रहा है ऐसा

मौसम वैज्ञानिक बताते है कि पश्चिमी विक्षोभ की हवाओं का यह असर है। इन हवाओं की रफ्तार तेज तो है ही साथ ही इतनी घुमावदार है कि अरबसागर को छू गई है। अरबसागर को छूते ही हवाओं में आई नमी ने बादल बनने की प्रक्रिया को तेज कर दिया है। गगन तक पहुंची हवाओं के बाद बादल बनने के साथ बीच में आ रही चट्टानों का घर्षण भी बिजली कड़कने और मेघगर्जना को बढ़ा रहा है।

### अभी 16 नवंबर की दोपहर तक यह हाल रहेगा

पश्चिमी विक्षोभ का यह असर 16 नवंबर की दोपहर तक रहेगा। मौसम वैज्ञानिक मानते है कि बाड़मेर, जैसलमेर, बीकानेर, जोधपुर में यह असर आ गया है। अब हनुमानगढ़ और चूरू तक भी पहुंचेगा।

### तापमान गिरेगा और चमकेगी सर्दी

16 नवंबर बाद तापमान में 2 से 3 डिग्री तक की और गिरावट आएगी। गुरुवार को अधिकत तापमान बाड़मेर में एक दिन में 09 डिग्री गिरकर 20.03 पर आ गया। अचानक सर्दी बढ़ने से जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

### बाड़मेर में 24 घंटे 76 मिमी बारिश

बाड़मेर में पिछले 24 घंटे में 76 मिमी बारिश हो चुकी है। इससे एक दिन पहले 26 एमएम दर्ज की गई। नवंबर माह में इतनी बारिश का अपने आप में यह रेकार्ड है। बारिश का दौर अक्टूबर माह में थम जाता है। हिन्दी पंचांग के मुताबिक मार्गशीर्ष माह में बारिश बहुत ही कम होती है और इस तरह सावन-भाद्रपद की तरह मेघों के बरसना तो बुजुर्गों ने कहा हमने भी पहले ऐसा नहीं देखा है।

### दो जगह गिरी बिजली

बाड़मेर शहर में बेरियां का वास में बिजली गिरने से एक मकान में क्षति हुई। शिव क्षेत्र में एक जगह आकाशीय बिजली गिरने से नुकसान हुआ है।

### अभी मौसम ऐसा रहेगा

अभी दो दिन मौसम ऐसा ही रहेगा। पश्चिमी विक्षोभ का असर है। फिर सर्दी बढ़ेगी।

**शिव गणेश,** निदेशक मौसम विभाग जयपुर